# रणजीत टाइम्स

इंदौर

शुक्रवार , 1 अगस्त , 2025

वर्ष 01 | अंक 193 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


## यह मकान बिकाऊ है हर घर पर लिखा है











रणजीत टाइम्स »» आदित्य शर्मा

### कट्टरपंथी मुस्लिमों के अत्याचार के कारण दलित हिन्दू पलायन को मजबूर

देवास जिले के थाना विजयगंज मंडी के ग्राम पंथ मुंडला के दलित हिन्दू (रविदास समाज), आतताई मुस्लिमों से इतने परेशान हो गए कि उन्होंने अपने घर के बाहर (यह मकान बिकाऊ है) लिखा है । यहां रविदास समाज के लगभग 35 परिवार पूर्वजों के समय से रह रहे हैं ।। वहीं इस गांव में मुस्लिमों के 300 से अधिक परिवार रहते हैं ।। तो जाहिर सी बात है कि सरपंच भी मुस्लिम है और मंत्री भी मुस्लिम है । ऐसी स्थिति में यहां पर रहने वाले दलित समाज के लोगों को न तो आवास योजना का लाभ मिलता है और न ही अन्य किसी शासकीय योजना का ? ओर तो ओर यहां पर रहने वाले दलित समाज के लिए जो शमशान घाट की भूमि थी, वह भी मुस्लिमों द्वारा कब्जा कर ली गई, साथ ही भेड़ बकरी चराने के लिए शासकीय गौचर भूमि पर भी जिहादियों की टेढ़ी नजर पड़ गई उस पर भी मुस्लिमों ने अपना कब्जा जमा लिया। इस प्रकार से यहां शताब्दी वर्षों से रह रहा दलित समाज सभी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो गया।

अंततोगत्वा यहां पर रहने वाला दलित समाज गांव से पलायन को मजबूर हो गया है पीड़ित दलित परिवारों ने अपनी आप बीती अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार को सुनाई है। आज दिनांक 1/8/25 शुक्रवार को सुबह 11 बजे देवास कलेक्टर ऑफिस का घेराव प्रदर्शन हैं ।। देखते हैं कि कितने दलित हिन्दू जागृत होते हैं।

## इंदौर कलेक्टर का बड़ा आदेश

# “नो हेलमेट, नो पेट्रोल”

## आज1 अगस्त से सख्ती लागू





इंदौर। इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह ने सड़क सुरक्षा को लेकर बड़ा निर्णय लिया है। अब 1 अगस्त 2025 से दोपहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट पेट्रोल नहीं मिलेगा। यह आदेश ऑनलाइन जारी होते ही सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया और लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया।

### क्या है नया आदेश?

दोपहिया वाहन चालक अगर हेलमेट नहीं पहनते हैं तो पेट्रोल पंप पर पेट्रोल देने से इंकार कर दिया जाएगा।

नियम तोड़ने पर 1000 तक जुर्माना और बार-बार उल्लंघन करने वालों पर वाहन सीज़ करने की कार्रवाई की जाएगी।

यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत जारी हुआ है।

### कलेक्टर ने कहा– यह फैसला आपकी सुरक्षा के लिए है

कलेक्टर आशीष सिंह का कहना है कि हेलमेट पहनने से सड़क हादसों में सिर की चोटों का खतरा 80% तक कम हो सकता है। उन्होंने कहा – “हम चाहते हैं कि हर व्यक्ति सुरक्षित घर लौटे। यह आदेश लोगों की जान बचाने के लिए लागू किया जा रहा है।”

कहाँ और कितनी अवधि तक लागू रहेगा?

यह नियम इंदौर जिले में 1 अगस्त से 29 सितंबर 2025 तक सख्ती से लागू रहेगा। भोपाल सहित प्रदेश के अन्य शहरों में भी इसी तरह के आदेश लागू किए जा रहे हैं।

### सरकारी दफ्तरों में भी हेलमेट अनिवार्य करने का प्रस्ताव

इंदौर के मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने कलेक्टर को पत्र लिखकर सुझाव दिया है कि हेलमेट न पहनने वाले नागरिकों को कलेक्टरेट, नगर निगम और अन्य सरकारी दफ्तरों में प्रवेश न दिया जाए।

### पुलिस-प्रशासन की तैयारी

यातायात पुलिस को मुख्य चौराहों पर स्पेशल चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। पेट्रोल पंप संचालकों को भी आदेश का पालन कराने के लिए आधिकारिक नोटिस जारी किया गया है।

### समर्थन:

“यह सड़क सुरक्षा के लिए जरूरी कदम है।”

### विरोध:

“क्या शहर की यातायात व्यवस्था भी इतनी ही सख्ती से लागू होगी?”

### निष्कर्ष:

“नो हेलमेट, नो पेट्रोल” नीति का मकसद लोगों को हेलमेट पहनने की आदत डालना और सड़क हादसों को कम करना है। अब सवाल यह है कि जनता इस सख्त आदेश का पालन कितनी गंभीरता से करती है।



क्या आपने आज हेलमेट पहना? नियमों का पालन करें और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करें।

## मॉडल कुणाल पंचोली को इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा सम्मान

**"नशे से दूरी है ज़रूरी" अभियान का भव्य समापन समारोह**





**राजेश धाकड़**

**इंदौर। युवाओं को नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से चलाए गए "नशे से दूरी है जरूरी" अभियान के समापन समारोह में बुधवार को अभय प्रशाल, रेसकोर्स रोड पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।**

इस अवसर पर इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा शहर के लोकप्रिय मॉडल एवं एक्टर, परशुराम युवा सेना (ब्राह्मण समाज) विधानसभा अध्यक्ष पं. कुणाल पंचोली को सामाजिक जागरूकता में उनके प्रभावशाली योगदान के लिए क्राइम ब्रांच एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कई सामाजिक कार्यकर्ता, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, पुलिस अधिकारी और बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह सहित मध्य प्रदेश पुलिस विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारी भी इस मौके पर मौजूद रहे। कुणाल पंचोली ने अपने सोशल मीडिया प्रभाव, जनसंपर्क और ग्राउंड एक्टिविटी के माध्यम से युवाओं तक नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाया। सम्मान प्राप्त करने के बाद उन्होंने कहा, "यह सिर्फ एक अवार्ड नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है। यदि मेरा एक शब्द या पोस्ट भी किसी को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करता है, तो यह मेरी सबसे बड़ी उपलब्धि है। बदलाव की शुरुआत जागरूकता से ही होती है, और इसके लिए हमें मिलकर काम करना होगा। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग ने अभियान की सफलता और युवाओं की भागीदारी की सराहना की। विशेष आकर्षण के रूप में ट्रैफिक कंट्रोल करने वाले रोबोट और रोबोट डॉग ने लाइव डेमोंस्ट्रेशन देकर उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## इंदौर के कावड़ियों को आयशर ने कुचला...

# एक की मौत, एक गंभीर 5 घायल

**राजेश धाकड़**

इंदौर।ओंकारेश्वर से जल लेकर उज्जैन जा रहे इंदौर के एरोड्रम क्षेत्र के कावड़ियों के साथ बड़ा हादसा हो गया। चोरल-ग्वालू के बीच तेज रफ्तार आयशर वाहन ने कावड़ियों को कुचल दिया। इस दर्दनाक हादसे में एक कावड़िये आदर्श की मौत हो गई, वहीं ध्रुव नामक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। इसके अलावा पांच अन्य कावड़िये घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अधिकारी एमवाय अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। पुलिस ने फरार आयशर चालक की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार हादसा इतना भीषण था कि मौके पर अफरातफरी मच गई। पुलिस ने आयशर वाहन को जब्त कर आगे की जांच



शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है – दोषी चालक को जल्द ही गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### भोपाल चलो भोपाल चलो

## समाजवादी पार्टी मध्य प्रदेश के द्वारा विधानसभा के घेराव के लिए इंदौर से 1 अगस्त को भोपाल के लिए रवाना होयेंगे

समाजवादी पार्टी इंदौर के जिला अध्यक्ष बटेश्वर नाथ सिंह एवं शहर अध्यक्ष एड राजेंद्र यादव के द्वारा मीडिया में जानकारी देते हुए बताया गया है कि मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के डबल इंजन सरकार में बढ़ते भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए एवं सहारा निवेशकों के जमा पैसा को वापस दिलाने के लिए महिला उत्पीड़न, शोषित, वंचित, कमजोर तपके के लोगों पर अत्याचार पर रोक लगाने के लिए किसानों की विभिन्न समस्याओं, शिक्षा, बेरोजगारी महंगाई, और कई महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर 1 अगस्त को समाजवादी पार्टी मध्य प्रदेश के द्वारा विधानसभा का घेराव किया जाएगा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद उत्तर प्रदेश पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष डॉ मनोज यादव के नेतृत्व में विधानसभा का घेराव किया जाएगा समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव राम स्वरूप मंत्री के मार्गदर्शन में एवं प्रदेश सचिव भगवान सिंह यादव ,के नेतृत्व में दिनांक 1 अगस्त को सैकड़ो पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में मानसून सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव करने के लिए जाएंगे विधानसभा इंदौर से मोहमद अली सिद्दीकी , डी एस मिश्र ,मनोज हार्डिया, लल्लू यादव,अजय यादव,अमन यादव,चंदन सिंह मखवाना ,सुषमा यादव,यूसुफ भाई,ललिता मेहरा,लक्ष्मी नामदेव ,रामकिशोर पाल सहित और भी टीम के साथ रवाना होंगे।



## कोलारस न्यायालय तहसील के पास स्थित गुंजारी नदी के किनारे के पास शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण का कार्य सामने आया है




जानकारी के अनुसार स्थानीय व्यापारी वीरेंद्र, कुलदीप के द्वारा नदी के सभी भवन और गोदाम जो कि अतिक्रमण के श्रेणी में आता है पूर्व में नगर पालिका एवं राजस्व विभाग द्वारा इस कार्य पर नोटिस जारी कर रोक लगाई गई थी लेकिन अब दोबारा इस स्थान पर निर्माण कार्य सड़क से जोड़ दिया गया है इससे पहले बजरंग किराना स्टोर के नाम से संचालक दुकान से एक्सपायरी सामग्री बेचने का मामला दर्ज हो चुका है लेकिन राजनीतिक संरक्षण के चलते कार्यवाही ठंडी पड़ती चली गई स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने कई बार नगर परिषद तहसीलदार एसडीएम और कलेक्टर से भी दर्ज कराई है लेकिन कार्यवाही ठंडी अवस्था में चली गई बताया जा रहा है इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों से राजनीतिक दबाव से कोई सख्त कदम नहीं उठाया गया है और वही अतिक्रमण के नाम से खाना पूर्ति की जा रही हैं रसूल दारो को छोड़कर अन्य लोगों की आशियाने तोड़े जा रहे हैं कोलार क्षेत्र की जनता की निगाहें अब जिला प्रशासन पर टिकी है अब आगे देखना यह होगा कि जिला प्रशासन क्या कुछ कार्रवाई करता है।

# क्या हेलमेट लगाने से ट्रैफिक सुधर जाएगा..



**रणजीत टाइम्स**

इंदौर I इंदौर के माई-बापों ने फिर आदेश जारी किया है, जिसमें 1 अगस्त से दो पहिया वालों को हेलमेट पहनना जरुरी है। फरमान सुनाया गया है, हेलमेट नहीं पहना तो चालान तो कटेगा साथ ही पेट्रोल भी नहीं मिलेगा। शहर के अब्बा हुजूरों का कहना है ये नियम इसलिए क्योंकि एक्सीडेंट में मौत का खतरा रहता है। इंदौर जैसा शहर जहां आमतौर पर हर 200 मीटर की दूरी पर ट्रैफिक सिग्नल है या फिर रास्ता कट रहा है। ऐसा शहर जिसकी हर सडक़ पर हर समय जाम लगा रहता है। गाडिय़ां एक दूसरे से सटकर चल रही होती हैं। आम तौर पर इंदौर की सडक़ों पर गाडिय़ों की स्पीड 20 से ज्यादा नहीं होती है। 20 की स्पीड जिसे रेंगना भी कहते हैं उसमें पर एक्सीडेंट और उसमें मौत... सुनकर ही डर लगने लगता है, हाथ-पैर कांपने लगते हैं। इंदौर के ट्रैफिक को लेकर हाईकोर्ट में 22 जुलाई को अफसरों से सवाल जवाब हुए थे, उसके बाद से भाई लोगों को ट्रैफिक की समस्या दिखने लगी। शहर में जाम का हल भाई लोगों ने आम जनता के हेलमेट नहीं पहनने के कारण निकाला, इसे ही कहते हैं कुशाग्र बुद्धि। लेकिन क्या इस शहर में जाम वाकई हेलमेट नहीं पहनने के कारण लगता है, जवाब है बड़ा सा नहीं..। शहर में एक सडक़ ऐसी नहीं है जिस पर यदि 300 मीटर आप गाड़ी लेकर निकलें और उसमें गाड़ी न उचके। क्योंकि या तो सडक़ पर गड्ढे बने हुए हैं या फिर पेंचवर्क और चेंबर के नाम पर सडक़ पर कुबड़ निकाल दिए गए हैं। और तो और जो सीमेंट की सडक़ें हैं उसमें ज्वाईंट उपर नीचे हैं। जिससे गाड़ी उचकती ही है। लोग इससे गिरते हैं उनके हाथ-पैर टूटते हैं। फरमान जारी करने वाले इस गड़बड़ी के खिलाफ कभी फरमान जारी नहीं करते क्यों, क्योंकि वो उनकी ही बिरादरी या सत्ता साकेत के पसंदीदा लोग हैं। हेलमेट नहीं होने से ट्रैफिक बिगडऩे की बात करने वालों ने कभी सिटी बसों को सडक़ पर चलते देखा है..? ये बसें तो आप लोगों की देखरेख में ही चलती हैं। इनके स्टॉप के नाम पर फूटपाथ जरूर गायब हैं, लेकिन ये कभी स्टॉप पर नहीं रुकती, जहां ड्रायवर को सवारी दिखती है वहां ये रुक जाती हैं। चाहे फिर पीछे गाडिय़ां अटकी रहें।





## इनकी टाइमिंग क्यों तय नहीं होती, क्यों इनके ड्रायवरों पर कार्रवाई नहीं होती, क्योंकि ये आपके मैनेजमेंट की गड़बड़ी का नतीजा है

जनता के लिए हेलमेट का आदेश तो आपने आदेश जारी कर दिया लेकिन क्या कुछ समय पहले उपनगरीय बसों को लेकर जो आदेश जारी किया था, उसका कितना पालन हुआ है वो देखा है..? सॉरी आपने कहां से देखा होगा, क्योंकि ये तो सत्ताधीशों और उनके सगे-संबंधियों की देखरेख में ही चल रही हैं। साहब लोगों कृपया कर एक बार जरा रीगल से मधुमिलन और शास्त्री पुल से लेकर पटेल ब्रिज के बीच के हिस्से में 40 की स्पीड में आपकी गाड़ी घूमाकर दिखा दो। कभी 7 बजे के बाद राजेंद्रनगर थाने के पास जाकर देखिएगा, या फिर रिंग रोड पर ही चले जाइएगा। आपके आदेश का पालन कितना हो रहा है दिख जाएगा। साहब ऐसा क्यों है कि गरीब जनता को पेट्रोल नहीं मिलेगा, लेकिन शहर के ट्रैफिक को बर्बाद करने वाली इन गाडिय़ों को डीजल जरुर मिलेगा। हाईकोर्ट में बताया गया है कि इंदौर में गाडिय़ां और इंसान बराबर हैं। जितने इंसान उतनी गाडिय़ां...। लेकिन इन गाडिय़ों को खड़ा करने की जगह क्या सरकार, प्रशासन, नगर निगम, आइडीए, आरटीओ ने तय की है। इंदौर में गाडिय़ों के लिए पार्किंग कहां और कितनी हैं? हर बार 20 साल पहले बनीं 11-12 पार्किंग को गिनाते रहते हो, कभी नई पार्किंग की बात किसी ने की है। आप लोगों के पास शहर की प्लानिंग की जिम्मेदारी है, इसीकी आड़ में जनता पर कायदे थोपे जाते हैं लेकिन क्या कभी ये देखा है कि शहर में जो नए निर्माण हो रहे हैं उनका नक्शा किस काम के लिए पास हुआ है और मौके पर क्या बना है। कभी इसकी फूर्सत ही नहीं मिली होगी। इसका क्या नतीजा होता है वो उदाहरण सहित बता देता हूं, रामप्याऊ से लेकर उषाफाटक तक की सडक़ जिस पर मध्यक्षेत्र का ट्रैफिक गुजरता है। यहां पर पिछले दो सालों में कई नए भवन बने। 15 बाय 50, 20 बाय 50 के इन मकानों के नक्शों में ये खुद के रहने के लिए बनाए गए हैं लेकिन मौके पर मार्केट बने हुए हैं। जिसमें एक दो नहीं बल्कि 20-20 दुकानें हैं, लेकिन इनमें गाडिय़ां खड़ी करने की जगह नहीं छोड़ी गई है। ऐसी ही एक सडक़ है पाटनीपुरा से एलआईजी चौराहा, हाउसिंग बोर्ड ने आवासीय प्लॉट काटे थे, लेकिन यहां पर पूरा मार्केट बन चुका है। जिनकी गाडिय़ां सडक़ पर रहती है। ये बिल्डिंगें एक दिन में तो बनी नहीं, और जब गलत बनीं तो उन पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। क्या साहब लोग इन्हें बनाने और बनते समय आंख मुंदने वाले अफसरों पर भी प्रतिबंधात्मक आदेश जारी करेंगे। इंदौर में ट्रैफिक की समस्या का नया कारण है सडक़ों पर खड़े होने वाले ठेले और रिक्शा वाले, कभी खडखडिय़ा पुल (नगर निगम के पीछे रामबाग पुल) से गुजरने वालों से बात करिए वो बताएंगे कि यहां लेफ्ट टर्न बनाया ही इन लोगों की सुविधा के लिए गया है। इन सबसे बड़े हैं इंदौर में चलने वाले ई-रिक्शा। ये ई-रिक्शा इंदौर के ट्रैफिक को खराब नहीं बल्कि उसका बलात्कार करते हैं। सूर्यास्त के बाद बगैर हेडलाइट चलना इनका प्रियशगल है। बगैर लाइसेंस के ही इन्हें चलाने की छूट ने इंदौर के ट्रैफिक को मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ा है ये कहीं भी खड़े हो जाते हैं कहीं भी और कैसे भी चलते हैं, जैसे सडक़ केवल इनके चलने के लिए बनी हैं। और इन सबसे बढकऱ वो व्यापारी जो सडक़ और फूटपाथ को को अपनी दुकान का हिस्सा बनाकर उस पर सामान रख लेते हैं। अफसरों का जोर हमेशा गरीब दो पहियावाहन वालों पर चलता है क्या कभी लोहारपट्टी, राजबाड़ा, पाटनीपुरा, अन्नपूर्णा रोड, एमजी रोड, जवाहरमार्ग के दुकानदारों को लेकर भी ऐसे ही आदेश जारी होंगे। लोकतंत्र में किसी भी सार्वजनिक परेशानी का हल होता है मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ती से। लेकिन इंदौर राजनेता इस मामले में नपुंसक ही साबित हुए हैं। ऐसे में शहर के लिए फैसला लेने के बजाए अपने और अपने वालों को फायदा पहुंचाने में ही ये लोग लगे रहते हैं। इंदौर में शहर से लेकर दिल्ली तक एक ही पार्टी का राज है। यहां का विपक्ष लगभग मर चुका है। ये शहर बीते चार सालों से जाम को लेकर चिल्ला रहा है, लेकिन मजाल है पक्ष-विपक्ष किसी के नेता का पुरुषार्थ जागा हो। एक नेता सामने नहीं आया जिसने इस बिगड़ते हालात के मूल कारण पर काम किया हो। हां नेताओं ने चिंता जरुर दिखाई, लेकिन ङ्क्षचता के मूल की चिता बनाने में किसी ने आगे बढकऱ काम नहीं किया। जब शहर की जनता और उनका नेतृत्व करने का दावा करने वाले नेता सोए हैं तो मनमानी तो चलेगी। हेलमेट जरुरी होने का समर्थन करने वाले क्या शहर के ट्रैफिक को बदहाली तक पहुंचाने वालों से भी जवाब मांगेगे, शायद नहीं, क्योंकि वो मुंह खोलेंगे तो शायद साहब की नजर में गलत हो जाएंगे। वैसे भी बुर्जुग कह गए हैं सोए को जगा सकते हैं लेकिन मुर्दे और सोने का नाटक करने वाले को नहीं जगा सकते।

# "इंदौर मेट्रो ट्रेन"






## संचालन सफेद हाथी साबित

» » वोटों की राजनीति के चलते बिना ट्रेक पूर्ण हुए मेट्रो से प्रतिमाह लगभग 3 करोड़ से ज्यादा की राजस्व हानि

» » सुविधा नहीं मनोरंजन का साधन मेट्रो यात्री नदारत खर्च यथावत।

» » सरकार घर जलाकर दीवाली मना रही।

**रणजीत टाइम्स**

इंदौर । मेट्रो सफेद हाथी साबित वोटों की राजनीति के चलते मेट्रो संचालन में जनता के ख़ज़ाने से लगभग प्रतिमाह तीन करोड़ का नुक़सान सुविधा की जगह वर्तमान में मेट्रो ट्रेन से जबरदस्त सरकारी ख़ज़ाने की राजस्व हानि" प्रतिमाह 3 करोड़ से ज्यादा की हानि इंदौर, भाजपा सरकार को रील बनाने और फ़ीता काटकर वाह वाही लूटने के तुगलकी शौक ने सरकार के ख़ज़ाने का बट्टा बिठा दिया हैं। मेट्रो ट्रेन के नाम पर वोटों की राजनीति करने वाली भाजपा सरकार के गले की हड्डी इंदौर मेट्रो ट्रेन बन गई हैं।सुविधा की जगह चंद फुर्सती लोगों के मनोरंजन के लिए मेट्रो ट्रेन का संचालन 5.9 किलोमीटर में किया जा रहा हैं। म.प्र.कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव राकेश सिंह यादव ने इंदौर मेट्रो ट्रेन को वर्तमान में सफेद हाथी बताया हैं।

"सफेद हाथी" का मतलब है,एक ऐसी महंगी और वर्तमान में बेकार वस्तु या संपत्ति जिसका रखरखाव करना बहुत मुश्किल हो और जो अपने मालिक के लिए उपयोगी न हो।सरकार अब इससे बीआरटीएस जैसी छुटकारा भी नहीं पा सकती हैं।

» » भाजपा सरकार झुठी वाह वाही कराने में घर जलाकर दिवाली मना रहीं हैं।

इंदौर मेट्रों का 5.9 किलोमीटर का सफ़र बिना यात्रियों के दिन भर फेरे लगाकर हो रहा हैं।बच्चों की नेहरू पार्क की ट्रेन जैसी स्थिति इंदौर मेट्रो ट्रेन की हैं। इन स्टेशनों पर ना यात्री हैं ना वर्तमान में मेट्रो ट्रेन चलाने की आवश्यकता हैं।जब तक कंप्लीट मेट्रो ट्रेक पूरा नहीं होता हैं तब तक मेट्रो ट्रेन का संचालन अनुपयोगी प्रयोग हैं। प्रतिदिन मेट्रो संचालन में लगभग 8 से 10 लाख रूपये का खर्च समस्त व्यवस्थाओं में आ रहा हैं। इसका मतलब लगभग 3 करोड़ से ज़्यादा की राशि जनता के ख़ज़ाने से लुटाई जा रहीं हैं। जिसका इंदौर की जनता को वर्तमान में एक प्रतिशत भी फ़ायदा नहीं हैं। मेट्रो ट्रेन संचालन में बिजली खर्च,स्टॉफ खर्च,प्रशासनिक खर्च,मेंटेनेंस खर्च,सुरक्षा खर्च,स्टेशन सेवा खर्च,डिप्रिसिएशन,ट्रेक मेंटेनेंस खर्च सफेद हाथी साबित हो रहा हैं। हालात इतने बदतर हैं की एक महीने में मात्र लगभग 25 हजार लोग तफ़री करने मेट्रो में सवार हुए हैं। एक महीने का मेट्रो संचालन का खर्च 3 करोड़ से ज़्यादा खर्च करके मेट्रो ट्रेन संचालक में मेट्रो ट्रेन विभाग।

» » प्रतिमाह सिर्फ 6 लाख के लगभग रेवेन्यू प्राप्त कर रहा हैं।इसका सीधा मतलब हैं की प्रतिमाह तीन करोड़ से ज़्यादा का घाटा सरकार उठाकर जनता के सरकारी ख़ज़ाने से बिना वजह ख़र्च कर रही हैं। 22 जून 2025 से इंदौर मेट्रो का किराया भी बढ़ाया जा चुका है।अब न्यूनतम किराया 15 रुपए प्रति व्यक्ति है।

**अधिकतम किराया 23 रुपए प्रति व्यक्ति कर दिया है**

इसके पश्चात भी 3 करोड़ से ज़्यादा का घाटा प्रतिमाह हैं। इसका अर्थ हैं की जब इंदौर मेट्रो में 5.9 किलोमीटर मेट्रो ट्रेक पर प्रतिमाह 25 लाख से ज़्यादा लोग सफ़र करेंगें तब इंदौर मेट्रो 3 करोड़ से ज़्यादा का घाटा कवर करके लाभ में आने की कोशिश करेगीं। लेकिन हकीकत में यह अगले दस साल तक संभव ही नहीं हैं। क्योंकि इतनी जनता उपरोक्त स्टेशनों में अगले दस सालों में भी उपलब्ध होना संभव नहीं हैं। सरकार को हथेली पर हाथी दिखाकर मेट्रो ट्रेन का संचालन वोटों के लिए कराने के बाद अब जनता के ख़ज़ाने का बंटाधार हो रहा हैं। बेहतर होता की उपयोगिता अनुसार ट्रेक पूर्ण होने के बाद मेट्रो संचालन शुरू करते तो जनता का ख़ज़ाना लूटने से बच जाता। इंदौर अजूबों का शहर हैं।मूलभूत सुविधाओं को छोड़कर घर जलाकर इंदौर में दीवाली मनाने की राजनैतिक परम्परा भाजपा हमेशा से निभाती आयी हैं।

# कर्मों का कर्ज चुकाना पड़ेगा, कर्म निर्जरा करों - उपप्रवर्तक श्रुतमुनि महाराज

इंदौर । जीवन में कर्म फल ही सब कुछ है हम कौन-कौन से कर्म बंध कर रहे है। यह हमें जान लेना है। हमें कर्मो का कर्ज चुकाना पड़ेगा। आज की धर्म सभा में आगम भगवती सूत्र की व्याख्या करते हुऐ उपप्रवर्तक श्रुतमुनि जी महाराज ने कहा कि हम माया चार, पापाचार, लोभ, माया, का जाल, मन, कषाय और झूठ, फरेब के सहारे कर्म बंध कर रहे है। ये जो कर्म हमारे उपर भार कि तरह बढ़ते जा है अगर हमने इन कर्मो का कर्ज नहीं चुकाया तो नरक गति में जाना पड़ेगा। श्रुतमुनि जी महाराज ने कहा कि हम आगम के स्वाध्याय से, धर्मवाणी श्रवण से, साधना से, तपस्या से, सामायक स्वाध्याय से, दान से, हम अपने कर्मो कि निर्जरा करके कर्ज उतार सकते है। हमारे मन में यह उत्कृष्ट भाव आ जाये




और हम पालन करें तो समझ लो कर्मो का कर्ज उतर रहा है। आपने कहा कि क्षणीक सुख, क्षणीक लाभ, क्षणीक मान-सम्मान, क्षणीक दिखावटी जीवन का त्याग करें छोटी-छोटी गलतियों से कर्म बंध होते है। परमात्मा कहते है कि पूर्व जन्म के बचे हुऐ कर्म बंध की निर्जरा के लिये ही मनुष्य जीवन मिला है यह जीवन बार-बार मिलने वाला नहीं है। आगम वाणी में भगवती सूत्र का वाचना क्रम चल रहा है। धर्मसभा का संचालन संयोजक प्रकाश भटेवरा ने किया। धर्म सभा में अचल चैधरी, रमेश भंडारी, रखबचंद कोटावाले, जिनेश्वर जैन, हेमंत बोहरा राजकुमार पंजाबी, प्रकाश कोठारी, गजेद्र बोड़ाना, गजेन्द्र तांतेड़, सुनिता छजलाणी, पुष्पा डागरिया, आजाद नरेलिया, शशी बोथरा, अशोक मंडलिक, पदम तांतेड़, आदि बड़ी संख्या में श्रावक- श्राविकायें उपस्थित थे।



# बड़ावदा के वार्ड क्रमांक 9 की खस्ता हालत

## सड़क को लेकर प्रदर्शन

### नाराज कांग्रेसी धरने पर बैठे कीचड़ में, लगाए बेशर्मी के पौधे लोनिवि समिति चेयरमैन का पलटवार, विपक्ष लुट रहा सस्ती लोकप्रियता

बड़ावदा।

नगर के वार्ड क्रमांक 9 में सड़क की खराब हालत को लेकर कांग्रेस नेताओं ने कीचड़ में बैठकर धरना प्रदर्शन गुरुवार को किया।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने यहां विरोध का नया तरीका अपनाया। उन्होंने पानी से भरे गड्ढों में पौधे लगाए। जिन्हें बेशर्मी के पौधों का नाम दिया।प्रातः 9 बजे से कांग्रेसी धरने पर बैठ गए थे। जो समाचार लिखे जाने तक जारी रहा।मुख्य मंत्री का पुतला भी जलाया । 9 घंटे तक धरना चलता रहा। रास्ता भी बंद कर दिया गया। जिससे लोग परेशान भी हुए। उधर नगर परिषद में लोनिवि समिति चेयरमैन व जिला योजना समिति सदस्य अनिल अवस्थी ने एक आठ मिनट का वीडियो वायरल कर आमजनता को हकीकत से रूबरू कराया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनोज कुमार शर्मा से इस संबंध में चर्चा करना चाही लेकिन मीटिंग में होने के कारण वे बात नहीं कर सके।

जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष राधेश्याम चौहान के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने वार्ड वासियों के साथ सड़क की हालत को लेकर काफी आक्रोश जताया। नाराज कांग्रेसी कीचड़ में ही घंटो बैठे रहे। नगर परिषद के खिलाफ जमकर नारे लगाए, बाजे भी बजाए। वहीं जिम्मेदार अधिकारियों को भी आड़े हाथों लिया।स्कूली बच्चे भी यहां दिखाई दिए। नगर परिषद उपाध्यक्ष रशीद पठान, नेता प्रतिपक्ष पदमा हिंगड, नगर अध्यक्ष विजय भट्ट,पार्षद प्रतिनिधि श्याम मालवीय, दिलीप कोठारी, गोपाल पाटीदार , दीपक झाला, कालूराम गामी, मांगीलाल मुनीम, आदि कार्यकर्ता मौजूद थे। पठान व हिंगड ने बताया कि नगर परिषद अधिकारी हमारी नहीं सुन रहे है। हमने कई बार नगर की सड़कों को लेकर आवाज उठाई। लेकिन कोई ध्यान नहीं दे रहा। सावन का त्यौहार चल रहा है। श्रद्धालु मंदिरों में आना जाना करते हैं। उन्हें भी तकलीफ होती है।

## राहगीरों को होती हैं परेशानी

राधेश्याम चौहान ने बताया

कि वार्ड क्रमांक 9 जो कि किसान बाहुल्य व भाजपा समर्थित वार्ड है।इस वार्ड की सड़क पर अनगिनत गड्ढे हो गए। बारिश में सड़क कीचड़ से लतपथ हो गई है। स्कूल जाने वाले बच्चे, महिलाए, किसान सभी त्रस्त है।दो पहिया वाहन फिसल रहे है। पैदल चलने में भी परेशानी होती है। आपने कहा कि नगर परिषद के अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सोए है। उन्हें जगाने के लिए हमें यहां कीचड़ में धरना देना पड़ रहा है। बारिश बाद जल्द इस वार्ड की सड़क बनी हुई चाहिए। उसके पहले पूरे वार्ड में चूरी डलवाई जाय। चौहान ने बताया कि नायब तहसीलदार भगवान सिंह ज्ञापन लेने आए थे लेकिन हमने नहीं दिया है जब तक यहां मरम्मत व चूरी नहीं डाली जाएगी हम धरना समाप्त नहीं करेंगे।

**वीडियो वायरल कर किया पलटवार...**

कांग्रेस द्वारा दिए गए घरने को लेकर नगर का राजनीतिक माहौल गरमागया हैं। शोशल मीडिया पर भी एक दूसरे पर कटाक्ष किए जा रहे हैं। कांग्रेस के द्वारा उठाए गए धरने के कदम पर जिला योजना समिति सदस्य अनिल अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस सस्ती लोकप्रिय हासिल करने के लिए ये हथकंडे अपना रही हैं। आपने ने कहा कि नगर परिषद काम की गुणवत्ता में समझौता नहीं करती है। चाहे काम में विलंब क्यों न हो। जिन ठेकेदारों ने गड़बड़ की थी उन्हें हमने हटा दिया था। नगर के वार्ड क्रमांक 8 व 9 के रोड़ बनने के साथ ही अन्य वार्डो में भी अध्यक्ष महोदय के नेतृत्व में विकास कार्य तेज गति से होंगे

**झाला के वीडियो पर भी चर्चा...**

नगर परिषद में वार्ड क्रमांक 9 से आम आदमी पार्टी से चुनाव लड़े सत्यनारायण झाला ने कुछ दिन पहले एक वीडियो वायरल कर इस रोड़ की दुर्दशा बताई थी। नगर परिषद ने मंगलवार को हुई बैठक में इस विषय पर चर्चा कर काम शीघ्र चालू होने व उसके पहले चूरी डालने की बात कही थी। जिसको लेकर झाला ने सोशल मीडिया पर अध्यक्ष का आभार जताया। झाला ने धरना देने वाले कांग्रेसियों पर भी कई तंज कसे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग धरने पर बैठे हैं वह झूठी पब्लिकसिटी कर रहे हैं। उनके साथ वार्ड तक के लोग नहीं बैठे है।



कल्पना कुमावत,

**इनका कहना है**

मुख्य मंत्री शहरी अधोसंरचना योजना अंतर्गत चतुर्थ चरण में हमने इस वार्ड के सीसी रोड़ का वर्क आर्डर दे दिया हैं। सत्या कंस्ट्रक्शन को मिक्स डिजाइन एवं मटेरियल टेस्ट हेतु कंक्रीट के घटक उपलब्ध कराने को निर्देशित किया है। जिसकी पॉलिटेक्निक कॉलेज जावरा के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जांच की जाएगी। सात दिवस में रिपोर्ट आने के पश्चात कार्य शुरू कराया जाएगा। इस बात की जानकारी परिषद की बैठक में मौजूद कुछ कांग्रेस पार्षदों को भी है।

**कल्पना कुमावत,**
**नगर परिषद अध्यक्ष**

एसडीएम महोदय के निर्देश पर में धरना स्थल पर गया था। मैने दो दिन में चूरी डलवाने का आश्वासन दिया लेकिन वे नहीं माने। ज्ञापन भी नहीं दिया। एसडीएम महोदय को अवगत करा दिया हैं।

**भगवान सिंह ठाकुर, नायब तहसील**

## भगवान पार्श्वनाथ स्वामी का मोक्ष कल्याण मनाया

इंदौर

जैन धर्म के 23 तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ स्वामी के मोक्षकल्याणक महोत्सव तीर्थ स्वरूप आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर में मोक्षसप्तमी के पावन अवसर पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया । भगवान पार्श्वनाथ निर्वाण दिवस पर प्रथम निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य डॉ जैनेन्द्र जैन राजेश जैन दद्दू परिवार दीव्यती निर्माण लाडू राकेश कुमार माणकचन्द नायक परिवार एवं त्रयति लाडू मुन्लाल जैन परिवार चतुर्थ लाडू रविदेवी सुरेन्द्र कुमार परिवार को शोभाग्य प्राप्त हुआ । इस अवसर पर श्रीजी की शांति धारा करने का सोभाग्य पवन जैन एवं ट्रस्ट अध्यक्ष भुपेंद्र जैन विरेन्द्र जैन देवरी परिवार ने प्राप्त किया इस अवसर पर समाज श्रेष्ठी डॉ जैनेन्द्र जैन अजय जैन रमेश चंद्र जैन अखिलेश सोधीया निलेश जैन राजेन्द्र नायक एवं रजनी जैन मीना जैन पद्मजा नायक आदि उपस्थिति थे।

# दृष्टिहिन बच्चो के शिविर को गोल्डन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स से नवाजा

## महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन को सेवा के क्षेत्र मिला अवॉर्ड




**रणजीत टाइम्स**

0इंदौर । महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन,( मीसो ) नईदिल्ली,रायपुर के तत्वावधान में इंदौर चैप्टर द्वारा आयोजित दृष्टिबाधित दिव्यांगों का पांच दिवसीय स्किल डेवलेपमेंट प्रशिक्षण शिविर दिनांक 25 से 29 जुलाई 2025 के दौरान दृष्टी बाधित दिव्यांग 600 बच्चों, 150 शिक्षक, 50 प्रशिक्षक गण और 150 अन्य कार्यकर्ताओं और शिविर अवलोकन के लिए पधारे प्रतिदिन करीबन 400 व्यक्तियों के साथ भव्यता के साथ स्किल डेवलेपमेंट कार्यक्रम को सफलता के साथ पूरे टीम वर्क के साथ पूरा किया।यद्यपि शिविर 25 तारीख से शुरू हुआ ,मगर वास्तव में 24 तारीख सुबह 5 बजे से सबसे पहले पटियाला के 45 बच्चों के आगमन के साथ शिविर प्रारंभ हो चुका था और दिनांक 22 की रात से ग्राउंड वर्कर 29 लोगों की टीम लगा दी गई थी। अब लौटने का सिलसिला प्रारंभ है जो आज दिनांक 30 की दोपहर तक संपन्न होगा।तब तक हमारा अस्थाई निवास, किचन, नाश्ता, भोजन, दोपहर की हाई टी और रात्रि भोजन,दूध,चाय , कॉफी यहीं दृष्टिबाधित दिव्यांग जन के साथ होटल एच आर ग्रीन,एम आर 10, कुमेड़ी में चल रहा है।

एक और खुशखबरी भी इस बीच आई है कि हमें इस कार्य के लिए गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से एक साथ सबसे ज्यादा 60 क्षेत्रों में विभिन्न दिव्यांगजन ,मूक बधिर,मानसिक, विकलांग और दृष्टिबाधित दिव्यांगजन का स्किल डेवलपमेंट हेतु इतना वृहद स्तर पर कार्यक्रम चलाने के लिए और उन्हें स्वावलंबी बनाकर अपने पैरों पर खड़े होकर समाज में स्थापित करने अब तक 15000 से ज्यादा दिव्यांगजन और करीब 27000 से ज्यादा अशक्त महिलाओं कुल 42,000 से ज्यादा व्यक्तियों को स्वावलंबी बनाने एवं इंदौर में 24 वां शिविर आयोजित करने के लिए रिकॉर्ड पर लिया गया है और 37 वस्तुओं को दिव्यांगजन द्वारा अभी इस शिविर में बनाया जा रहा है।संस्था के संरक्षक, अन्य पदाधिकारियों, और सदस्यों को बधाई देते हुए डॉक्टर मनीष विश्नोई ,एशिया हेड, गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड अमेरिका की ओर से इंदौर इकाई और महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन को "गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड" दिए जाने की घोषणा की गई और इस

# जैन सोश्यल ग्रुप जावरा सेंट्रल ने प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण किया

**रणजीत टाइम्स**

जावरा । बरसात के मौसम में प्राकृतिक नजारों को देखने मात्र से ही मन आनंदित हो जाता है चारो ओर हरियाली कलकल बहती नदिया,उन्मुक्त बहते झरने से मन प्रफुल्लित हो उठता है ऐसे नजारों का लुत्फ उठाने सेंट्रल परिवार ने पारिवारिक यात्रा का आयोजन किया जिसमे 100 सदस्यो ने दो बसों द्वारा आर्यरक्षित मन्दिर मंदसौर में दर्शन वंदन कर छाब चढ़ाकर सामूहिक चेतयवन्दन किया गया। छाब के लाभार्थी अंतिम सोनल कियावत थे ढोल के साथ नाचते हुए मंदिर में भजन कर के नवकारसी का आयोजन



किया गया । महावीर इंटरनेशनल मंदसौर के सदस्य विपिन कोठीफोडा संजय चौधरी आयुष जैन विकास जैन अखिलेश जैन अनिल खाबिया राकेश चौधरी निशा कोठीफोडा आदि सदस्यों ने संस्था के अध्यक्ष संजय सुराणा का साल पगड़ी द्वारा बहुमान किया गया वह सभी सदस्यों का तिलक लगाकर संध पूजा कि गई।यहां से गांधीसागर डैम का अवलोकन किया गया नदियों में लबालब जल के साथ ही अविस्मरणीय झरनों को बहते देख सुकून का अहसास किया बोट क्लब में क्रूज में सभी सदस्यों ने बहती बारिश में डीजे की धुन पर नृत्य कर खूब आनंद लिया । यात्रा में मनोरंजक गेम का आयोजन किया गया एवं पुरुस्कार दिए गए । यात्रा में हिम्मत धारीवाल,अरुण संघवी,वीरेन्द्र सेठिया,विजय संघवी,अनिल श्रीश्रीमाल का विशेष सहयोग रहा। अंत मे भोजन पश्चात अध्यक्ष संजय सुराणा ने सभी सदस्यो को यात्रा सफल बनाने पर धन्यवाद प्रेषित किया गया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी राजेश हीगढ ने प्रेषित की।

## मुंबई कुलाबा सकल जैन संघ समाज व्दारा आयोजित चार्तुमास में विराजमान



मुंबई । राजस्थानी छत्तीस कोम के लोक प्रिय राष्ट्र संत मुनि निलेश चन्द्र जी महाराज एक मुलाक़ात महाराष्ट्र के विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर जी साथ दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया आगामी समय में विशाल राजस्थानी छत्तीस कोम कमेटी कोलाबा मुंबई व्दारा गर्जना राजस्थान की आयोजन करने विषेश चर्चा हूई साथ साथ कुलाबा संघ के वरिष्ठ पारस मल जी भरत पुनमिया भैरव मल जी जेवेरी राजस्थाव छब्बीस कोम कमेटी के मोहन माली भक्तों की उपस्थित थी।

## श्री रामचरित मानस युवा मंडल ने महान संत तुलसीदास जी की जयंती मनाई



मेघनगर । श्री रामचरित मानस युवा मंडल द्वारा प्राचीन मेघेश्वर महादेव मंदिर मेघनगर पर महान संत तुलसीदास जी की प्रतिमा पर पूजा अर्चना कर बड़े धूम धाम से जयंती मनाई जिनमें महंत श्री बद्रीदास महाराज पंडित मदन लाला व्यास मंडल स्थापक संजय श्रीवास भजन गायक जनक रामायणी, आनंद सोलंकी मंडल वरिष्ठ सदस्य गणेश प्रजापत, आनंदी पडियार, जगदीश पंडित, सुजान हाड़ा , राकेश परिहार, हार्दिक जैन, विनायक श्रीवास, लखन देवाना , नितेश प्रजापत, अमित गोयल, युवराज ठाकुर कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# प्राणायाम करने से व्यक्ति फिजिकली एंड मेंटली फिट रहता है -स्वामी स्वामी परमार्थ देव

### योग करने और कराने से करोडो रुपए की होती है बचत - स्वामी परमार्थ देव

**रणजीत टाइम्स**

पांडिचेरी केरला । वैदिक विद्या केंद्र पांडिचेरी में तीन दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ पूज्य स्वामी परमार्थ देवजी के सानिध्य मे हुआ मीडिया प्रभारी दिनेश सालेचा ने बताया कि जिसमें बड़ी संख्या में योग साधकों ने भाग लिया स्वामी जी ने कहा प्राणायाम एक नैनो विद्या है जिसे मनुष्य के



सॉफ्टवेयर हार्डवेयर का रिपेयरिंग आसानी से हो जाता है और व्यक्ति फिजिकल एंड मेंटली हमेशा फिट रहता है तो प्रत्येक व्यक्ति को सुबह-सुबह प्राणायाम जरूर करना चाहिए प्राणायाम करने से किसी प्रकार के रोग नहीं हो सकते इसलिए प्राणायाम जरूर करें साथ में आप अपने परिवार समाज और देश के प्रत्येक व्यक्ति को लोक कल्याण हेतु योग, प्राणायाम जरूर करावे इस कार्यक्रम के मुख्य भूमिका में डी,ए वी स्कूल के संस्थापक आदरणीय पीयूसी, श्रीमती वर्तिका, पतंजलि योगपीठ से पधारे मुख्य केंद्रीय प्रभारी पूज्य स्वामी परमार्थदेव, पूज्य स्वामी रीतदेव, भारत स्वाभिमान तमिलनाडु के अध्यक्ष बाल सुब्रमण्यम पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी पारसमल सीरवी, रमेश कुमार, शिवषनमुगम, भास्कर, अभिजीत बॉस, अन्यापण, एवं अन्य आचार्य गणों ने भाग लिया मीडिया को जानकारी मदुराई पतंजलि मीडिया प्रभारी दिनेश सालेचा ने दी ।

# नगर परिषद संग आंगनवाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर कर रहे केवाईसी - आ रही परेशानियां

**18 हजार से ज्यादा लोगों में 12 हजार की हो चुकी है केवाईसी**

थांदला। वन नेशन वन कार्ड कि ओर अग्रसर भारत में हर विभाग के आधार अपडेशन के लिए केवाईसी के कार्य किये जा रहे है। पहले केवाईसी केवल पंजीकृत बैंकों में ही होती थी लेकिन अब शासकीय योजनाओं के लाभ नीति के लिए इसे शासकीय विभागों में अनिवार्य कर दिया है। ऐसे स्थिति में झाबुआ जिलें में पंचायत व नगर परिषद स्तर पर भी केवाईसी का कार्य चल रहा है। थांदला नगर परिषद के प्रभारी सीएमओ कमलेश जायसवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आम जनता को शासकीय योजनाओं का लाभ मिल सके उन्हें किसी परेशानी का सामना न करना पड़े व कोई दो समानान्तर दो योजनाओं में लाभ न ले सके इस हेतु शासन के निर्देशानुसार नगर परिषद थांदला में भी केवाईसी का कार्य आंगनवाड़ी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर किया जा रहा है। जायसवाल ने बताया कि नगर के सभी 15 वार्ड के लिए पृथक कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है वही परिषद में भी 3 कर्मचारी इसी काम के लिए लगाए गए है जिनके द्वारा परेशानियों का सामना करने के बावजूद नगर के करीब 18283 में से 12246 लोगों की केवाईसी हो चुकी है जबकि शेष बचे हुए लोगों की भी जल्दी केवाईसी हो जाएगी।



**आधार सेंटर बंद केवाईसी में नेटवर्क बना परेशानी का सबब**

थांदला नगर में जहाँ अभी तक महज 67% करीब केवाईसी पूर्ण हुई है वही वार्ड नम्बर दो सबसे छोटा वार्ड है बावजूद इसके 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है। यहाँ लगे कर्मचारी पूजा राठौड़ व दिव्या बिलवाल के अनुसार कभी आधार अपडेशन तो कभी आधार से लिंक मोबाइल में नेटवर्क नही आने से एक ही घर पर दो से चार बार जाना पड़ रहा है इसके बाद भी केवाईसी नही हो पा रही है इसके लिए दूसरा विकल्प परिषद में थम्ब इम्प्रेशन (अंगूठा लगाकर) द्वारा केवाईसी की जा रही है। आपको बता दे आधार कार्ड में अनेक लोगों के बीएसएनएल, स्मार्ट व आइडिया जैसी कम्पनियों के पुराने नम्बर जुड़े हुए है तो अब उनके पास या तो वह नम्बर बंद कर दिया गया है या फिर उन पर नेटवर्क नही मिल पाने से यह परेशानी आ रही है। अधिकांश लोगों के मोबाइल दूसरी समग्र आईडी से लिंक है या किसी कारण से एक समग्र आईडी बंद कर नई समग्र आईडी बनाई गई है ऐसे में बंद समग्र आईडी वाला नम्बर नए समग्र आईडी पर भी काम नही कर रहा है जिससे भी परेशानी आ रही है। दूसरी ओर नगर के सभी आधार सेंटर बंद कर दिए गए है केवल बैंक, डाकघर व लोक सेवा केंद्र पर ही आधार अपडेशन का कार्य चल रहा है जिससे नगर के साथ ग्रामीणों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**कमलेश जायसवाल (सीएमओ) का कहना**

नगर परिषद द्वारा केवाईसी का कार्य किया जा रहा है इससे सभी सदस्यों के राशनकार्ड लिंक रहेंगें वही शासन की अन्य योजनाओं के लाभ के लिए यह जरूरी है इसलिए नगर के सभी रहवासी आवश्यक रूप से केवाईसी करवाये।



# श्री पारसनाथ भगवान का मोक्ष सप्तमी पर्व मनाया



खरगोन। श्री पारसनाथ भगवान का मोक्ष सप्तमी पर्व खरगोन श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर टैगोर पार्क में उत्साह पूर्वक मनाया गया सवेरे समाज जनों ने सर्वप्रथम अभिषेक पारसनाथ भगवान का प्रदीप जैन, आशीर्वाद जैन, अनुज जैन, सुनील जैन ठेकेदार, विनीत जैन, सौरभ पांडेय, विजय छाबड़ा, पंकज गोदा, बसंत जैन, अरिहंत जैन, किया वह शांति धारा का सौभाग्य सुनील धर्मचंद अजमेर को प्राप्त हुआ। उन्होंने दान स्वरूप 3131/- रुपए दिए। ऊपर मंदिर जी में शांतिनाथ भगवान का अभिषेक वह शांति धारा श्री जितेन्द्र जैन, मनीष बड़जात्या एवं विवेक जैन को प्राप्त हुआ। मोक्ष सप्तमी, जिसे मुकुट सप्तमी या मुक्ति सप्तमी भी कहा जाता है, जैन धर्म में एक महत्वपूर्ण पर्व है जो श्रावण शुक्ल पक्ष की सप्तमी को मनाया जाता है। इस दिन, 23वें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ को सम्मेद शिखर पर मोक्ष (मुक्ति) प्राप्त हुई थी। यह दिन जैन समुदाय के लिए बहुत महत्व रखता है, क्योंकि यह भगवान पार्श्वनाथ की निर्वाण तिथि है। निर्माण लाडू श्रीमती सुनीता सुनील जैन द्वारा बनाकर समाज जनों ने चढ़ाया हुआ पूजा की। डॉ कीर्ति जैन, सर्वप्रथम ललित गोदा, समीक्षा जैन, सीमा जैन, विद्या जैन, इंदिरा छाबड़ा, नीता जैन, चांदनी जैन, उषा जैन, आयुषी जैन को प्राप्त हुआ।

# विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए भूमि हस्तांतरित

**रणजीत टाइम्स**

शाजापुर। कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए भूमि हस्तांतरित की गई है। जिसमें शाजापुर तहसील के ग्राम तिलावदी में 0.250 हेक्टर एवं ग्राम खेड़ा पिन्दोनिया में 0.052 हेक्टर, तहसील शुजालपुर के ग्राम रिछोदा में 0.052 हेक्टर तथा तहसील पोलायकलां के ग्राम रानी बड़ौद में 0.052 हेक्टर भूमि हस्तांतरित की गई है। इसी तरह कलेक्टर सुश्री बाफना द्वारा मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग को तहसील कालापीपल के ग्राम सेमलिया में 1 हेक्टर भूमि शासकीय उमावि भवन निर्माण, मध्यप्रदेश लोक स्वास्थ्य व परिवार कल्याण विभाग को उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण के लिए तहसील कालापीपल के ग्राम भैसायागढ़ा में 0.210 हेक्टर एवं ग्राम नांदनी में 0.261 हेक्टर तथा मध्यप्रदेश शासन आयुष विभाग को शासकीय आयुर्वेद औषधालय के भवन निर्माण के लिए तहसील शुजालपुर के ग्राम पटलावदा में 0.039 हेक्टर एवं तहसील गुलाना के ग्राम केथलाय में 0.05 हेक्टर भूमि हस्तांतरित की गई है।

# शासकीय माध्यमिक कन्या शाला की छत से टपकता पानी, छात्राए की पढ़ाई होगी बाधित

**4 महीने पहले तोड़ी विद्यालय की बिल्डिंग अभी तक नहीं हुआ कार्य शुरू**

**राज्य मंत्री गौतम टेटवाल व विधायक की शीघ्र बिल्डिंग निर्माण की घोषणा का असर नहीं**

**रणजीत टाइम्स**

जीरापुर। नगर के इंदर चौराहा पर स्थित शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय की क्षतिग्रस्त बिल्डिंग को नगर परिषद के द्वारा तोडा गया। इसके बाद शेष चार कक्षों में विद्यालय संचालित किया जा रहा है। इन दिनों हो भारी बारिश के चलते विद्यालय की छत से पानी टपक रहा है। वहीं विधालय में बच्चों को अध्यापन कार्य में भारी परेशानी हो रही है इस कारण शिक्षकों को डर सता रहा है कि राजस्थान के पीपलोदी जेसा हादसा यह भी घटित न हो जायें।

आपको बता दे की शासकीय माध्यमिक कन्या शाला में 1 मार्च 2025 को शिक्षिका श्रीमती ज्योत्सना दांगी के सेवानिवृत्ति विदाई समारोह का कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें राज्य मंत्री गौतम टेटवाल विधायक हजारीलाल दांगी के द्वारा विद्यालय के क्षतिग्रस्त भवन को तोड़कर शीघ्र नवीन भवन बनाने की बात कही थी। इसके बाद नगर परिषद के माध्यम से भवन को तोड़ा गया। लेकिन 4 महीने बीत जाने के बाद भी विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं को नवीन भवन नहीं मिला है। शासकीय माध्यमिक कन्या शाला के प्रधानाध्यापक योगेश गुप्ता ने चार-पांच दिनों से लगातार हो रही भारी वर्षा छात्रों से जमकर पानी



टपक रहा है, अभी तो अतिवृष्ट को लेकर छुट्टियां चल रही है, कल से स्कूल लगेगा तो बालिकाओं को इस हालत में कक्षा में बैठ कर पढ़ाई करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा!

# भागीरथपुरा पुलिस चौकी, थाना बाणगंगा में 30 जुलाई को नशे के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम





**इंदौर हर्ष सांवले**-भागीरथपुरा पुलिस चौकी प्रभारी कमल किशोर ने , थाना बाणगंगा में 30 जुलाई को क्षेत्र के निवासियों और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर "नशे से दूरी है जरूरी" कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के 10वीं और 12वीं कक्षा के बच्चों के लिए मैराथन का आयोजन हुआ , जिसमें विजेताओं को पुरस्कार दिए गए। नशा छोड़ चुके बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में भागीरथपुरा के जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, नगर सुरक्षा समिति और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।। सुबह 8 बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में बच्चों द्वारा नशे के खिलाफ कविता और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को ट्रॉफी, पानी की बोतल और नाश्ता प्रदान किया गया।

# तनाव रहित जीवन जीने का सरल माध्यम हैं सहजयोग

संसार में समस्याओं की कमी नहीं। किसी को शारीरिक समस्या होती है, तो किसी को मानसिक और किसी को आर्थिक समस्या घेरे रहती है। किसी-न-किसी प्रकार की समस्या प्रायः सबके पीछे लगी रहती है। समस्याओं से सर्वथा रहित कदाचित ही कोई व्यक्ति रहता है । कोई यदि शरीर से दुःखी है उसे रोग, निर्बलता, बुढ़ापा घेरे है, तो कोई मन से उद्विग्न है। कहीं सम्मान में धक्का लग गया है तो कहीं संतान ने व्यथा दी और कहीं कोई विरोध का सामना करना पड़ा। तन, मन और धन लौकिक जीवन की तीन विभूतियाँ मानी गई हैं। संसार के सुखों का आधार भी इन्हीं को कहा गया है। और शरीर स्वस्थ रहे, मन प्रसन्न रहे और अभाव का आक्रमण न हो तो फिर मनुष्य का सुखी रहना संभव है। परंतु इनके संयोग से मिलने वाला सुख चिरस्थायी नहीं होता क्योंकि समस्यायें हमारी सोच के परिणामस्वरूप ही उत्पन्न होती है।

सहज ध्यान योग को आत्मिक उत्थान का योग कहा जाता है। कुंडलिनी के जागरण से आत्मज्ञान पाकर, इस योग में साधक सदैव मध्य मार्ग में रहता है यानि संतुलन में रहता है। उसे ना भविष्य की चिंता सताती है ना भूतकाल उसे प्रताड़ित करता है। सहज योग ध्यान संतुलित होकर बगैर किसी तनाव के जीवन जीने का सरल माध्यम है। इस ध्यान योग को सीखना बहुत आसान है। सहज योग ध्यान केंद्र के द्वार हर साधक के लिए खुले होते हैं।



सहज योग ध्यान से हमारी सोच विकसित होती है। सहज ध्यान करने वालों का हृदय चक्र के संतुलित होने से साधक का स्वभाव बहुत सरल, शांत और दूसरों का सम्मान करने वाला हो जाता है। यह स्वभाव साधक को न केवल बाहर से बल्कि अंदर से भी बदल देता है, और अच्छा बोलना और व्यवहार करना हमारे स्वभाव का हिस्सा बन जाता है। साधक शांत और संयमित स्वाभाव के कारण किसी भी समस्या का सही समाधान ढूंढने में सक्षम हो जाता है। यही वो गुर है जिससे हम अपनी समस्या को अचेतन में छोड़ने में सफल होते हैं। हम अपने आत्मोत्थान के बाद जो भी प्रार्थना करते हैं वो सब ब्रम्हांड में चैतन्य के साथ बहने लगता है। फिर समाधान के लिए फिक्र नहीं होती, हम समाधानी बन जाते हैं। आत्मविश्वास, सरलता और शांत प्रकृति के कारण ऐसे लोग जो ध्यान करते हैं, बेहद प्रभावी होते हैं। इसकी झलक उनके निजी और पारिवारिक जीवन में स्पष्ट देखने को मिलती है। इसी अवस्था को संतों ने आनंद की अवस्था कहा है। हृदय चक्र की ऊर्जा से विकसित हुए आत्मविश्वास के कारण हममें अपनी बात रखने का कौशल आ जाता है। सहज योग प्रणेता और हमारी परमपूज्य श्री माताजी निर्मला देवी कहती हैं "निर्विचार अवस्था में जो भी घटित होता है, वह प्रबुद्ध और प्रकाशमान होता है।" इस अद्भुत और समस्याओं से निजात देने वाले सहज योग से जुड़ने के लिए हम आपको आमंत्रित करते हैं। अपने नज़दीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं। सहज योग पूर्णतया निशुल्क है।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स